मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 10.09.2025

थाना हलिया साइबर क्राइम टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि ₹ 25000/- को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस—

आवेदक अख्तर रजा पुत्र राजाबाबु निवासी ग्राम हलिया थाना हलिया जनपद मीरजापुर द्वारा थाना हलिया पर NCRP पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसपर थाना हलिया साइबर क्राइम टीम द्वारा तत्काल सम्बन्धित बैंक को मेल किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना हलिया की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी।

"सोमेन बर्मा"वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक आपरेशन तथा क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना हलिया की साइबर पुलिस टीम द्वारा आवेदक के बैंक खाते में कुल ₹ 25000/- वापस कराए गये। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारीगण एवं साइबर क्राइम टीम थाना हलिया पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ऑनलाइन ठगी/धोखाधड़ी की घटना के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

साइबर क्राइम टीम थाना हलिया—

उ0नि0 अच्छेलाल यादव, का. आनन्द पटेल व का0 प्रदीप कुमार पाल थाना हलिया जनपद मीरजापुर ।

****